# पहले डीएपी की अब यूरिया की किल्लत, काश्तकार परेशान

## 266 रुपये की बजाय 400-450 रुपये में मिल रहा यूरिया का कट्टा

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में यूरिया की किल्लत होने से किसान परेशान हैं और यहां वहां दुकानों पर यूरिया के लिए भटक रहे हैं जिन दुकानों पर उपलब्ध है, वहां प्रति बोरी(50 किग्रा) के लिए 266 रुपये की बजाय 400-450 रुपये लिए जा रहे हैं।


यह हाल तब है जब किसान को गेहूं के लिए यूरिया की सर्वाधिक आवश्यकता है। हालांकि सरकार ने आधार कार्ड से हार्ड के लिए राशनिंग तो शुरू कर दी है लेकिन पर्याप्त स्टॉक में होने की वजह से किसानों को 1, 2 कट्टे ही स्टॉक रहने तक मिले थे वह भी अब मिलना बंद हो गए हैं । काश्तकार परेशान है क्योंकि जल्द ही यूरिया न डाली गई तो गेहूं की पैदावार पर असर पड़ेगा।

चाकसू क्षेत्र किसान नाथू लाल सैनी, शंकर, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि समितियों पर यूरिया नहीं है गेहूं की फसल बो दी है । अब कोरवान करने के लिए यूरिया की आवश्यकता है जिसकी बाजार में किल्लत हो रही है जो बड़ी मुश्किल से किसी- किसी दुकानदार के पास ही मिल रहा है। जहां भी 266 रुपये की यूरिया को दुकानदार 450 रुपये ले रहे हैं।

किसान रामचंद्र का कहना है स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के द्वारा भी किसानों को सहयोग और सहायता देने की बातें सिर्फ भाषण और कागजों तक ही सिमट कर रह गई है जब किसानों को जरूरत पड़ती है तो सहयोग के लिए कोई भी दूर-दूर तक नजर नहीं आता है ।

खाद बीज के विक्रेता दिनेश कुमार बेनीवाल का कहना है कि पिछले 1 महीने से आगे से ही यूरिया की सप्लाई नहीं मिल पा रही है और पूर्व में भी मांग के अनुरूप यूरिया की सप्लाई नहीं मिली है इस कारण बाजार में यूरिया की किल्लत बनी हुई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में अब फसल खराब होने का डर सता रहा है । यह स्थिति पिछले 1 महीने से भी ज्यादा दिनों से है। दुकानदारों की माने तो अभी यूरिया की कोई खेप आने की उन्हें जानकारी नहीं है।

एसडीएम चाकसू गोवर्धन लाल शर्मा का कहना है कि यूरिया की स्थिति की जानकारी है। यूरिया की आपूर्ति के लिये व्यवस्था की जा रही है और विकल्प के तौर पर किसानों को समझाया जा रहा है कि फसल को सुपर फास्फेट एवं डीएपी मिलाकर दें।



खाद बीज की दुकान पर यूरिया न मिलने पर निराश किसान

# दिसंबर में आएगा पटवारी परीक्षा परिणाम : शर्मा

## 'जेईएन परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप बेबुनियाद'

**झुंझुनूं, (निसं)।** प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा पटवारी भर्ती का परिणाम अगले माह में आ जाएगा । राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने झुंझुनूं में खास बातचीत में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि परिणाम को तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। बोर्ड कोशिश कर रहा है कि दिसंबर माह में इसका परिणाम घोषित कर दें। इसके अलावा जेईएन भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उठ रहे सवालों पर भी हरिप्रसाद शर्मा ने बातचीत की ।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जो अभ्यर्थी असफल होते हैं। वो कभी संतुष्ट नहीं होंगे और चाहेंगे कि परीक्षा निरस्त हो दुबारा हो लेकिन वे दावे के साथ कह सकते हैं कि ना केवल परीक्षा पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ हुई है बल्कि परिणाम भी उसी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ घोषित किया गया है। इस परीक्षा की तैयारी में युवाओं को नौ माह से अधिक का समय मिला था। साथ ही इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं थी। इसलिए कट ऑफ ज्यादा गई है। उन्होंने इस मौके पर बताया कि फिलहाल बोर्ड जल्द ही पांच परीक्षाएं संगणक, ग्राम विकास अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी फायरमैन, मोटर वाहन उप निरीक्षक व एपीआरओ भर्ती परीक्षा करवाने की तैयारी कर रहा है। जिसमें दिसंबर में दो परीक्षाएं प्रस्तावित हैं । उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि बोर्ड इस दिशा में भी काम कर रहा है कि वर्ष 2022-23 का भर्ती परीक्षा कैलेंडर हर हाल में जनवरी-फरवरी माह में घोषित कर दें।

ताकि युवाओं को भर्तियों और परीक्षाओं की जानकारी समय पर लग जाए। हरिप्रसाद शर्मा झुंझुनूं के अलसीसर में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आए थे। इससे पहले हरिप्रसाद शर्मा ने अलसीसर के सीतारामका गेस्ट हाउस में शिक्षाविद् पीएल शर्मा की आत्मकथा जीवन की पगडंडी पुस्तक का विमोचन किया।



कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने झुंझुनूं में दी जानकारी।

- 2022-23 का भर्ती परीक्षा कैलेंडर जनवरी-फरवरी माह में घोषित होने की संभावना

# फिरौती लेने आए दो बदमाशों को ग्रामीणों ने बंधक बनाया

- ग्रामीणों ने की धुनाई, पुलिस ने कब्जे से दोनों युवकों को मुक्त कराया

**कामां /भरतपुर, (निसं) ।** कामां थाने के गांव पालड़ी के निवासी पिता-पुत्र के अपहरण कर ले जाने के बाद फिरौती की राशि लेने आए दो जनों को ग्रामीणों ने पकड़कर बंधक बना लिया और उनकी जमकर धुनाई करते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर कामां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाए गए दोनों युवकों को बंधन मुक्त कराकर कामां थाने ले आई

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि पालड़ी निवासी शब्बीर व पुत्र मुनफेद का गुरुवार की दोपहर को बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग स्थित गांव पथवारी के निकट से फर्जी हरियाणा की सीआइए पुलिसकर्मी बनकर अपहरण कर लिया है। जिसकी छह लाख रुपए की फिरौती लेने आए कार में सवार हरियाणा के थाना बिछोर निवासी मुस्तकीम व शाहरूख ने शब्बीर की पत्नी रूखसाना से फोन पर बात कर सतवास के निकट पैसे लेकर बुलाया था।

लेकिन शब्बीर अपने पुत्र वसीम को साथ लेकर एक काले बैग में कागज के टुकड़ों को भरकर पहुंच गई। जहां मां व पुत्र का पीछा कर रहे ग्रामीणों ने विभिन्न रास्तों ने पहुंचकर फिरौती लेने आए युवकों को पकड़ कर मारपीट करते हुए बंधक बना लिया था । जिस पर कामां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाइश करते हुए बंधक बनाए गए युवकों को छुड़वाकर थाने लाया गया।

कामां पुलिस के मुताबिक पालड़ी निवासी पिता-पुत्र शब्बीर और मुनफेद का अपहरण करने के बाद बदमाशों ने उनके घर फोन करके फिरौती मांगी थी। इस पर उनके परिजन फिरौती की रकम देने के लिए तैयार हो गए। शब्बीर की पत्नी रूखसाना ने उन्हें फिरौती की रकम लेने कामां बुलाया साथ ही अपने गांव वालों को सूचित भी कर दिया । जैसे ही बदमाश फिरौती की रकम लेने कामां पहुंचे तो ग्रामीणों की मदद से घेरकर उन्हें कमरे में बंद कर दिया था। पालड़ी निवासी ग्रामीणों द्वारा घटना का मामला कामा थाने में दर्ज कराया गया है पुलिस अनुसंधान कर आगे की कार्यवाई में जुटी हुई है।

# कोविड प्रोटोकॉल्स की पालना करें: शेखावत

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हम सभी कोविड प्रोटोकॉल्स की पालना करें और अनावश्यक भीड़-भाड़ में जाने से बचें। रविवार को यहां सुबह जोधपुर निवास पर मीडिया से अनोपचारिक बातचीत में केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि कोविड के नए म्यूटेंट को लेकर चिंता बनी है। साउथ अफ्रीका से निकलकर यह म्यूटेंट 9-10 देशों में पहुंचा है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम अब तक 121 करोड़ से अधिक डोज लगवा चुके हैं । शेखावत ने कहा कि जिन देशों में इस तरह के केस चिह्नित हुए हैं, वहां से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग-चेकिंग के साथ नए प्रोटोकॉल्स बनाए गए हैं। राजस्थान में कोविड के बढ़ते केसों के बीच स्कूल-कॉलेजों को खोलने के संदर्भ में शेखावत ने कहा कि शिक्षा विभाग को उचित कदम उठाने चाहिए। कई उच्च शिक्षा संस्थानों ने अपने यहां हाईब्रिड मॉडल लागू किया है।

# मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे नर्सिंग विद्यार्थी

**चूरू, (कासं)।** अपनी मांगों को लेकर रविवार को नर्सिंग कॉलेज चूरू के विद्यार्थी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि आरयूएचएस की संगठक कॉलेज चार साल से संचालित है।

चूरू में राजकीय नर्सिंग कॉलेज के प्रारंभ होने के बावजूद भी किसी प्रकार का कोई उचित भवन, लाइब्रेरी, खेल मैदान व अन्य किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। विद्यार्थियों को अध्ययन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन क्लास कहीं होती है। दूसरे दिन अन्य स्थान पर होती है।

राज्य सरकार के मंत्रियों, विधायकों को कई बार अवगत करवाने के बावजूद आज तक किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। इन परेशानियों को देखते हुये विद्यार्थियों को मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। विद्यार्थियों ने कहा कि धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक विद्यार्थियों की मांगें नहीं मानी जाती। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।




चूरू नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी अपनी मांगों को लेकर धरने बैठे।

# हिस्ट्रीशीटर ने कांस्टेबल को पीटा, हाथ में फ्रैक्चर आया

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर में शनिवार देर रात एक बदमाश ने पुलि स कांस्टेबल पर हमला करके घायल कर दिया। कांस्टेबल के एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट आई है। मामला मोमासर बास का है, जहां एक हिस्ट्रीशीटर और पुलिस आमने-सामने हो गए। बीकानेर और चूरू के कई थानों में वांटेड हिस्ट्रीशीटर भानीनाथ उर्फ भानीड़ा को पिछले दिनों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था । भानीड़ा को पता चला कि उसे गिरफ्तार करवाने में राकेश सिद्ध की भूमिका है। राकेश डूंगरगढ़ के मोमासर बास का रहने वाला है।

जमानत मिल ने के बाद से भानीड़ा कई दिनों से राकेश सिद्ध को ढूंढ रहा था। शनिवार रात उसने राकेश के घर पर हमला कर दिया। इसी दौरान पुलि स को सूचना मिली तो पुलि स मौके पर पहुंच गई। राकेश को अस्पताल लेकर पुलिस बल निकल गया लेकिन एक सिपाही तेजपाल को वहीं छोड़ दिया। उधर, भानीड़ा और उसके साथ वापस आए और फिर से राकेश के घर पर हमला किया। कांस्टेबल तेजपाल ने उन्हें रोकना चाहा तो उस पर हमला बोल दिया। बाद में पुलि स ने भानीड़ा के घर पर दबिश देकर उसके दो परिजनों को हिरासत में ले लि या और उसकी एक बाइक सीज कर ली। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी वेदपाल ने बताया कि तेजपाल की रिपोर्ट पर भानीनाथ उर्फ भानीड़ा पर मामला दर्ज किया गया है।

# शादी के बाद देवता पूजने जाते समय सड़क दुर्घटना में 9 लोग घायल

- गाड़ी को बच्चे ने चाबी लगाकर स्टार्ट कर दिया था

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैड के पास सताना गांव में शादी समारोह के बाद देवता पूजने जाते समय एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो गाड़ी के भीड़ में घुस जाने से 9 लोग घायल हो गए।

वहीं जानकारी के अनुसार लहूराम गुर्जर पुत्र रामजीलाल गुर्जर निवासी सताना ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मैं अपनी दुल्हन धोली देवी के साथ देव पूजने जा रहा था। वहीं साथ में 40-50 लोग परिवार व रिश्तेदार जिनमें महिलाएं बच्चे भी शामिल थे ज्यो कि डीजे के पीछे नाचते गाते जा रहे थे । वहीं सताना मंदिर से पहले नदी में सड़क पर पहुंचे तो उन्हीं के रिश्तेदारों की स्कॉर्पियो गाडी पीछे-पीछे चल रही थी। जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी चालक ने गाड़ी में चाबी लगी छोड़कर उतर गया तभी किसी बच्चे ने गाडी में बैठकर चाबी घुमा दी जिससे स्कॉर्पियो गाडी चल पड़ी जो आगे पैदल-पैदल चल रहे दूल्हा दुल्हन अन्य जनों को टक्कर मारती हुई डीजे लगी पिकअप के टक्कर मार दी।

इसमें धोली देवी पत्नी धर्मेंद्र गुर्जर , यालीराम पुत्र पप्पूराम, चिडी देवी पत्नी स्वर्गीय रतनलाल, परभी देवी पत्नी बाबूलाल, मीरा देवी पत्नी हरिराम जाति गुर्जर साल निवासी सताना, रविंद्र पुत्र हरिराम जाति गुर्जर निवासी सताना, सोनू पुत्र कालूराम जाति मीणा उम्र 16 साल निवासी सताना, गजेंद्र पुत्र सुल्तान जाति गुर्जर निवासी जोधूला घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मैड सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल के लिए रैफर किया गया।



घायल दुल्हन का अस्पताल में उपचार किया।

# रीट भर्ती-2021: पद बढ़ाने की मांग पकड़ रही जोर

**सादुलपुर, (निसं)।** रीट भर्ती 2021 में पदों की संख्या बढ़ाकर 60 हजार करने एवं आरक्षित एससी, एसटी व दिव्यांग अभ्यर्थियों के पूर्व भर्तियों में रिक्त रहे पदों को भरने की मांग दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रही है। वहीं इस मामले में एक ओर जहां बेरोजगार धरना-प्रदर्शन को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर विभिन्न जन प्रतिनिधि भी इस मामले को लेकर रोजाना मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को बेरोजगारों की मांग को लेकर पत्र लिख रहे हैं।

सत्तारूढ एवं विपक्षी दलों के विधायक गण रोजाना ट्विटर पर नई रीट भर्ती-2021 में पदों की संख्या बढ़ाकर 60 हजार करने तथा आरक्षित वर्ग एसी-एसटी की बेकलॉग की 60 सीटों को रीट भर्ती-2021 में शामिल करने की बेरोजगारों की मांग का समर्थन कर रहे हैं। रविवार को बीजेपी सांसद किरोडीलाल मीणा ने भी ट्वीटर के मार्फत बेरोजगारों की इस मांग का समर्थन किया है। वहीं इससे पूर्व भी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित दर्जनों विधायक निरंतर विशेष शिक्षकों के पद रीट भर्ती 2021 में 5000 पद स्वीकृत करने, रीट भर्ती 2021 में 30 हजार से बढ़ाकर पद 60 हजार करने तथा एससी एसटी के बैकलॉग की इस भर्ती में शामील करने की मांग का समर्थन कर रहें हैं। वहीं प्रदेश के बेरोजगार एवं कई शिक्षक संगठन भी इस मांग को लगातार बुलंद कर रहें हैं मगर अब देखना होगा कि प्रदेश सरकार इस मामले में कब बेरोजगारों की सुध लेती है ?

# ग्राम कैरोडी में दलित दूल्हे की पुलिस सुरक्षा में निकासी निकली



पंचायत कैरोडी में निकासी निकालते लोग।

- निकासी में जयपुर से आई आरएसी की कंपनी, एसपी मनीष अग्रवाल ने स्वयं सभाली कमान
- भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारी व पुलिस जाप्ता मौजूद रहा

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती पावटा उपखण्ड की ग्राम पंचायत कैरोडी में रविवार को दलित दुल्हों के विवाह समारोह में भारी पुलिस जाप्ते की निगरानी में घोड़ी पर बैठाकर विधायक इंद्राज गुर्जर व बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में निकासी निकाली गई।

जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही । विगत 25 नवबर को दूल्हों की बहन के विवाह में आई बारात पर पथराव की घटना के बाद एसपी जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने स्वयं कमान सभाल रखी थी। विशेष तौर पर आरएसी की दो कपनियां जयपुर से बुलाकर तैनात की गई थी। निकासी के दौरान जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल द्वितीय जयपुर ग्रामीण मुख्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली सुमित गुप्ता सहित जाप्ता तैनात किया।

# गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग की

**भरतपुर, (निसं) ।** भरतपुर के कस्वा रुदावल में मोटरसाईकिल पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिसकर्मियों के ऊपर फायरिंग कर सनसनी फैला दी लेकिन बाद में थाना पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर हवालात के हवाले कर दिया।

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि गांव रतऊआ निबासी रब्बो गुर्जर के सम्बंध में जानकारी मिलने पर थाना पुलिस के जाप्ते ने उसे कस्वे के गौरव पथ से हनुमान मन्दिर की तरफ जाते हुए घेर लिया लेकिन रब्बो गुर्जर ने मोटरसाईकिल छोड़कर मन्दिर की तरफ खेत में भागते हुए कांस्टेबल प्रेमचन्द व गोरधन पर 315 बोर का अवैध देशी कट्टा तान दिया और धमकी दी कि पीछा किया तो गोली मारकर खत्म कर दूंगा । बताया गया बदमाश की धमकी के बाद भी जब पुलिसकर्मियों ने उसे घेरे रखा तो उसने फायरिंग शुरू कर दी ।

कांस्टेबल प्रेमचन्द बालबाल बचा और उसने जमीन पर गिरकर अपनी अपनी जान बचाई। बताया गया कि 23 वर्षिय रब्बो उर्फ जयशिव पुत्र नरेश निवासी रतऊआ थाना रूदावल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का कटा, 315 बोर के कारतूस का एक खाली खोखा, 2 जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल जप्त की हैं।

# सोना चोरी करने के दो आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

## बाड़मेर कोतवाली थाना क्षेत्र से 102 ग्राम सोना चोरी कर फरार हुए थे आरोपी

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 102 ग्राम सोना चोरी कर फरार होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

कोतवाल उगमराज सोनी पुलिस थाना कोतवाली के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल देवाराम सहित विशेष गठित टीम ने इस मामले में विशेष भरसक प्रयास कर मुलजिमानों का पूर्ण नाम पता ज्ञात कर उनके निवास पश्चिम बंगाल जाकर मुलजिम दुरजो धन मण्डल व उज्जवल मण्डल को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाल उगमराज सोनी ने बताया कि 30अक्टूबर को भट्टराज पुत्र राणूलाल जाति सोनी उम्र 46 साल पेशा पुश्तेनी निवासी जाजू भवन के पास राय कोलोनी बाड़मेर द्वारा अनिल कुमार पुत्र प्रेमचन्द सोनी निवासी राय कोलोनी की एक रिपोर्ट पेश कर बताया था कि दोपहर करीब दो बजे के आस -पास उज्जवल बंगाली व दुर्जो बंगाली करीब 102 ग्राम सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

इस मामले में विशेष टीम गठित की गई जिसने तकनीकी सहायता के आधार पर पश्चिम बंगाल पहुंच दो आरोपी दुरजो धन मण्डल (24) पुत्र असीत मण्डल जाति मण्डल निवासी दीयार रानीनगर पुलिस थाना रघुनाथगंज पुलिस थाना जंगीपुर जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल व उज्जवल मण्डल (43)पुत्र पंचानन मण्डल निवासी नदाई पुलिस थाना॰ सूती जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।



बाड़मेर में कोतवाली पुलिस ने सोना चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।